तापमान
अधिकतम 41.0 डिग्री
न्यूनतम 36.0 डिग्री

हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, बुधवार 2 अप्रैल 2025

4
कागजों में शून्य है पलायन, जबकि हर गांव से दिगर प्रांतों में कमाने खाने जा रहे लोग





## खबर संक्षेप



### भाजपा जिलाध्यक्ष ने पीएम से की मुलाकात

**रायगढ़।** नवरात्रि के अवसर पर बिलासपुर आए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से रायगढ़ जिला भाजपाध्यक्ष अरूणधर दीवान ने मुलाकात की और उनका स्वागत किया। रविवार को नवरात्रि के पहले दिन पीएम नरेन्द्र मोदी का बिलासपुर आगमन हुआ था। यहां उन्होंने प्रदेशवासियों को 33 हजार 700 करोड़ रुपए की सौगात दी। प्रधानमंत्री के आने की खबर पाकर रायगढ़ जिलाध्यक्ष अरूणधर दीवान भी बिलासपुर पहुंचे थे। जहां हैलीपेड में उन्होंने पीएम का स्वागत कर उनसे मुलाकात की।

### युवक की हत्या, दो आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़।** धरमजयगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गेरसा में कम्प्यूटर ऑपरेटर की दो युवकों ने मिल कर हत्या कर दी। दरअसल यह मामला प्रेम प्रसंग से जुड़े होने की बात सामने आ रही है। सूत्र बता रहे हैं कि दोनों आरोपियों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। वहीं सामचार लिखे जाने ते इस मामले में जांच जारी है। ग्राम गेरसा में स्थित धान खरीदी केन्द्र में कम्प्यूटर ऑपरेटर दया साहू का गांव तराईमाल गांव की एक युवती से उसका प्रेम प्रसंग चल रहा था। बीते दिनों वह उस युवती से मिलने के लिए गया था, जहां युवती भाईयों ने उसे आपत्ति जनक स्थिति में देख लिया। जिससे के बाद उसकी पीट-पीट कर हत्या कर दी। सूत्र बता रहे हैं कि वह लगातार घर में आना जाना करता था। इसी बीच युवती से मिलते हुए पहले भी उसे देखा गया था। आशंका व्यक्त की जा रही है कि शायद उसकी हत्या करने के लिए ही उसे वहां बुलाया गया हो।

### 11 थानेदार समेत दर्जनभर पुलिसकर्मी इधर से उधर

**रायगढ़।** जिले में लंबे समय से कई पुलिसकर्मी एक ही थाना में जमे थे। ऐसे में पुलिस अधीक्षक ने 11 थानेदारों के साथ ही एसआईए एएसआईए प्रधान आरक्षक व आरक्षकों को जिले में एक थाना से दूसरा थाना ट्रांसफर किया है। ट्रांसफर लिस्ट आज जारी कर किया गया है। मंगलवार की दोपहर को पुलिस अधीक्षक कार्यालय से यह सूची जारी की गई है। जहां चक्रधर नगर थाना प्रभारी प्रशांत राव अहेर को अब जूटमिल थानाए मोहन भारद्वाज को जूटमिल से तमनार थाना, आशीर्वाद राहटगावंकर को तमनार से छाल थाना का प्रभार दिया गया है। इसी तरह हर्षवर्धन सिंह बैस को थाना छाल से घरघोड़ा, रामकिंकर को घरघोड़ा से पुसौर थाना, रोहित बंजारे को पुसौर से कापू, नारायण मरकाम को कापू से थाना प्रभारी यातायात, अनुरंजन लकड़ा को कापू से रक्षित केन्द्र, अमित शुक्ला को थाना चक्रधर नगर, विजय चेलक को रक्षित केन्द्र से थाना प्रभारी लैलूंगा, राजेश जांगड़े को लैलूंगा से थाना प्रभारी खरसिया बनाया गया है। इसी प्रकार उप निरीक्षक संजय नाग को सिटी कोतवाली, उप निरीक्षक मान कुंवर सिदार को चौकी प्रभारी रैरुमा, मनीष कांत को सिटी कोतवाली, इंगेश्वर यादव को लैलूंगा थाना व सहायक उपनिरीक्षक विल्फ्रेड मसीह को घरघोड़ा से महिला थाना भेजा गया है।

## पहले बजट में डॉग हाऊस और गोठान के लिए कोई प्रावधान नहीं होने पर पार्षदों ने जताया विरोध

# महापौर ने पेश किया 862 करोड़ का बजट, मल्टीलेवल पार्किंग व केलो के उद्धार के लिए करोड़ों का प्रावधान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

मंगलवार को नगर निगम के सभाकक्ष में आयोजित विशेष सम्मिलन में महापौर जीवर्धन चौहान ने 2025-26 के लिए 862 करोड़ 9 लाख 11 हजार रुपए का बजट पेश किया। इस बार 20 करोड़ 24 लाख 4 हजार रुपए के बचत का बजट पेश किया गया है। बजट में मल्टी लेवल पार्किंग, केलो के उद्धार सहित अन्य विकास कार्यों के लिए करोड़ों रुपए क प्रावधान रखा गया है। वहीं पहली बजट में डॉग हाऊस और गोठान के लिए कोई प्रावधान नहीं होने पर पार्षदों ने इसका विरोध जताया।

मंगलवार की सुबह साढ़े 11 बजे नगर निगम में विशेष सम्मिलन का आयोजन किया गया था। जहां नवनिर्वाचित पार्षद शामिल हुए। इस दौरान महापौर जीवर्धन चौहान ने अभिभाषण पढ़ा। जिसमें उन्होंने बताया कि वर्ष 2025-26 के लिए राजस्व आय 89 करोड़ 34 लाख 11 हजार, राजस्व व्यय 80 करोड़ 9 लाख 4 हजार, पूंजीगत आय 772 करोड़ 75 लाख, पूंजीगत व्यय 761 करोड़ 76 लाख 3 हजार, इस प्रकार कुल आय 862 करोड़ 9 लाख 11 हजार व कुल व्यय 841 करोड़ 85 लाख 7 हजार प्रावधानित किया गया है। इस प्रकार कुल 20 करोड़ 24 लाख 4 हजार बचत का बजट पेश किया गया है। वहीं सिटी डेवलपमेंट प्लान के तहत सड़क और पुल, शवदागृह, पार्क, मल्टी लेवल पार्किंग, महिला सामुदायिक शौचालय, शहर सौंदर्यीकरण, खेल मैदान, चांदनी चौक रोड चौड़ीकरण व सौंदर्यीकरण बस स्टैंड निर्माण, केलो नदी सफाई व सौंदर्यीकरण के लिए करोड़ों रुपए का प्रावधान रखा गया है।




### महिलाओं को संपत्ति कर में दी जाए 25 प्रतिशत की छूट

वार्ड क्रमांक 17 के कांग्रेसी पार्षद सलीम नियारिया ने अपने सुझाव में कहा कि पूर्व में महिलाओं को संपत्ति कर में 25 प्रतिशत छूट देने का फैसला सदन में हुआ था पर उस पर अमल नहीं हुआ। ऐसे में इस वित्तीय वर्ष में उन्हें छूट दी जाए। इसके अलावा शहर में फूड जोन की बहुत आवश्यकता है। व्यापारी सड़क पर ठेला लगा कर बिक्री करते नजर आते हैं। उनके लिए दुकान बना कर उन्हें व्यवस्थित किया जाए। इसी तरह गरीब वर्ग के व्यापारी जो सड़क पर दुकान लगाते हुए उनके लिए शहर में जमीन देख कर दुकान का निर्माण किया जाए। जिससे शहर की सड़कें अतिक्रमणमुक्त होंगी और सड़क भी चौड़ी हो जाएगी। तब सभापति ने कहा के उनके सुझाव को बजट में प्रावधान बनाकर शामिल किया जाएगा।

### अपनी ही सरकार के खिलाफ आवाज की बुलंद

बजट को पढ़ने के बाद वार्ड क्रमांक 20 के बीजेपी पार्षद शरद हरि सराफ ने अपने ही सरकार के खिलाफ आवाज बुलंद की। अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि बजट में डॉग हाऊस और गोठान के लिए कोई प्रावधान नहीं रखा गया है। वहीं शवदागृह के लिए 62 लाख का प्रावधान रखा गया है। जबकि सर्किट हाऊस में पूर्व सरकार के कार्यकाल में बना इलेट्रानिक शवदाह गृह आज पर्यंत तक आबाद नहीं हो सका है। इसे दुरूस्त कराया जाए। वहीं यूजर चार्ज के नाम पर शहरवासियों को प्रताड़ित किया जा रहा है, जिसे युक्तीयुक्तकरण कर बंद किया जाए। साथ ही भाजपा ने ही चुनावी घोषणा में महाविद्यालयों में वाईफाई सुविधा शुरू करने की बात कही थी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ।

### डॉग हाऊस को लेकर गर्माया सदन

शरद हरि सराफ द्वारा डॉग हाऊस का मुद्दा उठाने के बाद इस मामले को लेकर पूरा सदन गर्माया रहा। वार्ड क्रमांक 13 के कांग्रेसी पार्षद लक्ष्मी साहू ने कहा कि शहर में डॉग हाऊस नहीं होने से शहर की जनता परेशान है। आए दिन शहरवासी आवारा कुत्तों के शिकार हो रहे हैं और इसका इस बार बजट में कोई प्रावधान ही नहीं है। बीते चार कार्यकाल से डॉग हाऊस का प्रावधान बजट में शामिल होता है, लेकिन बनता कभी नहीं है। इस पर एमआईसी सदस्य पूनम सोलंकी ने कहा कि डॉग हाऊस के लिए कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। इसके बारे में निगम कमिश्नर पूरी जानकारी देंगे। इस पर कमिश्नर ने कहा कि डॉग हाऊस के लिए कार्य योजना बन गई है और शहर में दो स्थान भी देखे हैं। इसे संचालित करने के लिए संस्थाओं से बात चल रही है। अगर सभी की सहमति रहे तो जल्द ही टेंडर ओपन कर देंगे।

### गलत जवाब देने पर भड़के ठेठवार



दरअसल निगम के बडे बाबू राज्य शासन से जारी गजट में टैक्स संबंधी जानकारी को पढ़ कर सुना रहे थे। तभी कांग्रेस के पार्षदों ने इसका विरोध किया और कहा कि उन्हें तो इसकी कॉपी ही उपलब्ध नहीं कराई गई है। तब निगम के प्रभारी सचिव अनिल बाजपेयी अचानक मंच पर चढ़े और माइक पकड़ कर कह दिए कि कॉपी सबको पहले ही दी जा चुकी है। इस पर वरिष्ठ पार्षद जयंत भड़क उठे। सदन में उन्होंने अनिल बाजपेयी को जमकर फटकार लगाते हुए कहा कि यह नगर निगम का ऑफिस नहीं परिषद है। इस तरह की गलत जवाब देकर सभी को गुमराह न करें। इसके बाद अनिल शांत पड़ गए। इस घटना के बाद कुछ देर के लिए माहौल गर्मा गया था।

### सुझाव को बजट में शामिल करने की मांग

सम्मेलन में वार्ड क्रमांक 12 के कांग्रेसी पार्षद जयंत ठेठवार ने सभापति से कहा कि कांग्रेस शहर विकास में आपके साथ है। पूर्व की तरह इस बार भी विपक्ष के सुझावों को बजट में शामिल किया जा सकता है। इसके लिए नगर निगम में एक्ट भी बना है। जिससे कांग्रेसी पार्षदों के सुझावों को भी बजट में शामिल किया जाए। ताकि शहर विकास में किसी तरह की कोई कमी न हो।

### नदी में बनाया जाए दो रपटा

पार्षद जयंत ने अपने सुझाव में कहा कि चांदनी चौक में अक्सर ट्रैफिक का दबाव रहता है। जिसे कम करने के लिए मरीन ड्राइव में दो रपटा पुल का निर्माण किया जाए। इससे दो फायदे होंगे, पहला यहां ट्रैफिक का दबाव कम रहेगा और केलो नदी में जल स्तर भी बढ़ेगा। इसके अलावा शहर का मरीन ड्राइव काफी वीरान रहता है। इसलिए इसे आकर्षक बनाया जाए और यहां लाइव साउंड की व्यवस्था की जाए। वहीं उद्योगों के चलते शहर प्रदूषित हो रहा है। ऐसे में इसके लिए भी कोई प्रावधान रखा जाए।



### गेम खेलता रहा पार्षद

विशेष सम्मिलन में जब कांग्रेस के वरिष्ठ पार्षद अपना सुझाव दे रहे थे तभी वार्ड क्रमांक 28 के कांग्रेसी पार्षद अक्षय कुलदीप मोबाइल पर गेम खेलते नजर आए। ऐसा लग रहा था कि इस बजट से उन्हें कोई लेना देना नहीं है। उन्हें गेम खेलते देख मीडियाकर्मियों के बीच चर्चाएं हो रही थीं।

# बरौद के विस्थापित ग्रामीणों ने बिलासपुर एसईसीएल कार्यालय का किया घेराव

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

एसईसीएल की बरौद कोयला खदान के विस्थापित ग्राम बरौद के ग्रामवासियो ने एसईसीएल सीएमडी मुख्यालय बिलासपुर का घेराव कर अपनी एक सूत्रीय मांगो को लेकर ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने जनवरी माह में हुए समझौते के अनुसार लाभ दिलाए जाने की मांग की गई।15 दिनों के भीतर उनकी मांगों पर उचित कार्रवाई नहीं होने की दशा में 16 अप्रैल से अनिश्चितकालीन हड़ताल करने की भी चेतावनी ग्रामीणों ने दी।

बता दें कि रायगढ़ जिले के एसईसीएल अंतर्गत बरौद कोल माइंस प्रभावितों को लगातार मुश्किलों का समाना करना पड़ रहा है। इन सबके बीच एक बार फिर से बरौद खदान के प्रभावितों द्वारा मोर्चा खोलते हुए एसईसीएल मुख्यालय बिलासपुर सीएमडी कार्यालय पहुंचे और अपनी एक सूत्रीय मांगो को लेकर दफ्तर के सामने प्रदर्शन करने लगे। अहम बात यह है कि एसईसीएल रायगढ़ अंतर्गत बरौद कोयला खदान प्रभावित लंबे समय से पुनर्विस्थापन लाभ को एसईसीएल के अन्य कोयला खदान भू विस्थापितों की तरह समान आधार पर लाभ प्रदान किया जाने को लेकर लंबे समय से जद्दोजहद कर रहे हैं। ग्रामीणों की माने तो लंबे समय से जिस भूमि पर वे जीवकोपार्जन करते थे, वह एसईसीएल के कोयला खदान प्रभावित क्षेत्र में ले अधिग्रहित कर लिया गया है और विस्थापन के नाम पर कुछ भी प्रदान नहीं किया गया है। यह पीड़ा भू विस्थापित परिवार सालों से सहन कर रहे हैं। वे लगातार शासन प्रशासन के समक्ष अपने अधिकार के लिए लंबी लड़ाई लड़ रहे हैं। किंतु इसके बाद भी उन्हं कुछ हासिल नहीं हो रहा है। साल 2023- 24 में इसी मांग को लेकर अनिश्चित कालीन आंदोलन के बाद एसईसीएल मुख्यालय रायगढ़ महाप्रबंधक की अध्यक्षता में जनवरी 2024 में एक दिपक्षीय बैठक हुई थी। जिसमे एसईसीएल के उच्चाधिकारियों की मौजूदगी में विस्थापित ग्रामीणों व जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में समझौता हुआ था, लेकिन इस समझौते के एक साल बीत जाने के बाद भी अब तक इस मामले में कोई सार्थक परिणाम नहीं निकला सका है। बैठक में उपस्थित अधिकारी यह हवाला दे रहे हैं कि सराईपाली परियोजना के गांव बुडबुड के आधार पर भी लाभ सुनिश्चितत किया जाएगा। इस परिजनों की कार्य योजना बिलासपुर मुख्यालय में निर्णय लंबित है। इस तरह भू विस्थापितों के लिए बैठक समझौता और आश्वासन इसके बाद समझौते से मुकर जाना यह सब एक आम बात हो चुकी है, इसका भू विस्थापित परिवार कितना दंश झेलता है और जिस भूमि की वजह से वे पूर्वजों से जीवकोपार्जन करते चले आ रहे थे उसके छीन जाने के बाद उचित मुआवजे के लिए भी दर दर भटकने को मजबूर होना लड़ता है यह जमीनी स्तर पर देखा और समझा जा सकता है। प्रभावित ग्रामीणों ने सीएमडी दफ्तर घेराव के बाद ज्ञापन देते हुए स्पष्ट कर दिया है कि 15 जनवरी तक मामले का निराकरण नहीं किया जाता है तो एसईसीएल प्रबंधक को कुंभकर्ण की निद्रा से जगाने 16 अप्रैल से उत्पादन डिस्पेच बंद कर कर दी जाएगी आर्थिक नाकेबंदी कर इसके बाद आर पार की लड़ाई आरंभ की जाएगी।







## 12648.02 मिलियन यूनिट उत्पादन कर रचा इतिहास

# एनटीपीसी में रिकार्ड बिजली उत्पादन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

एनटीपीसी लारा ने 31 मार्च को समाप्त वित्त वर्ष 2024.25 के लिए 90.24 प्लांट लोड फैक्टर पीएलएफ के साथ 12648.02 मिलियन यूनिट का अब तक का सर्वोच्च उत्पादन हासिल किया है। लारा जैसे नए बिजली संयंत्र के लिए यह एक उल्लेखनीय प्रदर्शन है। अन्य परिचालन उपलब्धियों में 800 मेगावाट बिना बॉयलर ट्यूब लीकेज से 442 दिनो को मिलकर 350 दिनों से अधिक समय से लगातार चल रही है, जो 660 और 800 मेगावाट इकाइयों के लिए सर्वोत्तम है। लारा एकमात्र स्टेशन है जिसने शून्य उपकरण आंशिक नुकसान हासिल किया है। ये सभी विशेषताएं एनटीपीसी लारा की राष्ट्र निर्माण के लिए निर्बाध बिजली आपूर्ति प्रदान करने और इसके विकास की गति को शक्ति प्रदान करने की प्रतिबद्धता का प्रमाण हैं। इस उल्लेखनीय प्रदर्शन के लिए अनिल कुमार, कार्यकारी निदेशक एनटीपीसी लारा ने उत्कृष्टता के लिए प्रयास करते हुए, देश के विकास रथ को आगे बढ़ाने के लिए विश्वसनीयए सस्ती और निर्बाध बिजली आपूर्ति प्रदान करने के लिए कर्मचारियों के अथक प्रयास के लिए सभी कर्मचारियों की सराहना की। बिजली उत्पादन के अलावा एनटीपीसी लारा कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व और सामुदायिक विकास गतिविधियों के रूप में समाज में योगदान दे रहा है। सीडीआर.सीडी गतिविधियों के तहत एनटीपीसी लारा रायगढ़ जिले और छत्तीसगढ़ राज्य में शिक्षा, स्वास्थ्य और पेयजल सुविधाओं के विकास के तहत विभिन्न बड़े काम कर रहा है।



## खबर संक्षेप



### कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी लोगों की समस्याएं

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास ने आज मंगलवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनदर्शन के माध्यम से आम नागरिकों की समस्याएं सुनी। जिले के नागरिकों ने जनदर्शन में अपनी समस्याओं और मांगों को सीधे कलेक्टर के समक्ष रखा। जनदर्शन में कुल 41 आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को प्राप्त सभी आवेदनों को प्राथमिकता के साथ शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। जनदर्शन में आवेदक राजस्व संबंधी मामले, प्रधानमंत्री आवास योजना, आजीविका संबंधी मामले सहित विभिन्न मांगों से संबंधित आवेदन लेकर आए थे।

### चोरों ने शहर के अलग-अलग जगहों से पार की दो बाइक

**अम्बिकापुर।** पत्थलगांव निवासी आशीष एक्का आ. लवरेश एक्का (26 वर्ष) 27 मार्च को बाइक क्रमांक सीजी 14 एमके 7164 से सुभाषनगर निवासी दोस्त ईश्वर के किराए के मकान में आया था। दूसरे दिन सुबह दोस्त को बस स्टैंड में छोड़ने के पश्चात बाइक को किराए के मकान के सामने खड़ा किया था। दोपहर को रूम से बाहर निकला तो देखा बाइक अपनी जगह से गायब थी। इसी प्रकार दूसरी घटना में ब्रम्हरोड़ निवासी अमित कुमार आ. राजेश कुमार (27 वर्ष) 28 मार्च को अपनी केटीएम बाइक क्रमांक सीजी 15 डीटी 5437 को घर के पार्किंग में खड़ा किया था। इसी बीच देर रात चोरों ने बाइक को पार कर दिया। सुबह उठा तो देखा बाइक अपनी जगह से गायब थी। युवक ने अपार्टमेंट में लगे सीसीटीवी फुटेज चेक किया तो पता चला कि रात करीब 1.30 बजे अज्ञात व्यक्ति बाइक ले जाते नजर आया। युवक ने बाइक चोरी होने की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई।

### अज्ञात मृतक की हुई पहचान ट्रक की टक्कर से हुई थी मौत

**अम्बिकापुर।** मेड्रा कला पेट्रोल पंप के समीप ट्रक की टक्कर से मोपेड सवार की मौत हो जाने के तीन दिन बाद मृतक की पहचान हो सकी। मोपेड सवार शहर के मंडी में कटहल बेचकर शाम को वापस घर जा रहा था तभी ट्रक की चपेट में आ गया। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है। जानकारी के अनुसार उदयपुर थाना अंतर्गत ग्राम मोहनपुर उकापारा निवासी राजा भरथरी आ. बुढऊ राम (33 वर्ष) 27 मार्च दिन 12 बजे मोपेड से कटहल लेकर शहर के मंडी में बेचने आया था। मंडी में कटहल बेचने के पश्चात शाम 5.50 बजे वापस घर लौट रहा था। जैसे ही मोपेड सवार मेंड्राकला पेट्रोल पंप के समीप पहुंचा तभी विपरीत दिशा से आ रहे ट्रक क्रमांक सीजी 15 ईसी 5394 का चालक लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी।

### ग्राम पंचायतों को स्वच्छ व सुंदर रखने से नहीं फैलेगी बीमारी

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास ने कलेक्टोरेट सभा कक्ष में स्वच्छ भारत मिशन की समीक्षा करते हुए ग्राम पंचायतों को सुंदर स्वच्छ बनाने के लिए कहा है। उन्होंने जितने भी शौचालय के कार्य स्वीकृत हुए है। उसको हर हाल में बरसात से पहले जून तक पूर्ण करने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार सभी जनपद सीईओ और ब्लाक कार्डिनेटर आनलाइन के माध्यम से बैठक से सीधे जुड़े थे। समीक्षा के दौरान कुनकुरी और पत्थलगांव जनपद सीईओ से शौचालय निर्माण की धीमी प्रगति के संबंध में जानकारी ली। अगली बैठक में अपने विकास खंड के निर्माण कार्य संबंधी जानकारी अपडेट डाटा के साथ आने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने ग्राम पंचायतों में श्रमदान अभियान चलाने के लिए कहा है और गांव के लोगों के साथ जनप्रतिनिधिगण को प्रत्यक्ष रूप से शामिल करने के निर्देश दिए हैं। बगीचा विकास खंड में स्वच्छता ग्राही का काम चालू करने के निर्देश दिए हैं। स्वच्छता दीदियों के कचरा कलेक्शन करने के लिए नया रिक्शा खरीदने के लिए कहा और बिगड़े रिक्शा को ठीक करने के निर्देश दिए।

## अज्ञात हमलावरों ने घर के आंगन में दिया घटना को अंजाम

# महिला सरपंच की धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर



जिले के तुमला थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत डोंगादरहा निवासी सरपंच संघ के पूर्व अध्यक्ष उत्तम सिदार की पत्नी और वर्तमान सरपंच श्रीमती प्रभावती सिदार की अज्ञात हमलावरों ने आंगन में नहाते वक्त धारदार हथियार से गला रेतकर निर्मम हत्या कर दी है।

■ घटना स्थल पहुंची पुलिस की टीम

घटना दोपहर 12 बजे की बताई जा रही है। घटना के बाद हमलावर वहां से भाग निकले इस दौरान घर पर कोई नहीं था। उत्तम सिदार के भतीजे ने बताया घटना के बाद उन्हें कोतबा स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में दाखिल कराया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत होने की पुष्टि की है। दिन दहाड़े इस तरह की घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। वहीं मामले की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच कर मामले की जांच कार्रवाई में जुट गई है।

छठ घाटों में भगवान सूर्य को अर्ध्य देने उमड़ेगी श्रद्धालुओं की भीड़

## चार दिवसीय महापर्व चैती छठ नहाय-खाय के साथ शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

लोक आस्था का चार दिवसीय महापर्व चैती छठ मंगलवार को नहाय-खाय के साथ शुरू हो गया। सुबह व्रत धारण करने वाली व्रती स्नान के बाद पान के पत्ते, सुपारी और अक्षत सूर्यदेव को अर्पित करेंगी। पूजा-अर्चना के बाद नेम-निष्ठा के साथ व्रती पीतल के पात्र में कद्दू, चने का दाल और चावल से तैयार प्रसाद ग्रहण करेंगी। चैत्र माह में होने वाले छठ को कष्टकारी माना जाता है। इसके बावजूद बड़ी संख्या में श्रद्धालु इस व्रत को करते हैं।

### अस्ताचलगामी सूर्य को पहला अर्घ्य तीन अप्रैल को

चैती छठ महाव्रत धारण करने वाली व्रती सूर्य षष्ठी पर गुरुवार की शाम में डूबते सूर्य को पहला अर्घ्य अर्पित करेंगी। शुक्रवार को सूर्य सप्तमी पर व्रती उदीयमान सूर्य को दूसरा अर्घ्य अर्पित करेंगी। इसके साथ ही चार दिनी महापर्व का समापन होगा।

### आज मनाया जाएगा खरना

नहाय-खाय के बाद खरना मनाया जाता है। खरना का पर्व 2 अप्रैल को मनाया जाएगा। मान्यता है कि खरना के समय व्रती नए धान से निकले चावल से तैयार खीर महाभोग का प्रसाद ग्रहण करती हैं। व्रती बुधवार की शाम में खरना अनुष्ठान करेंगी। खरना के लिए सफाई के बाद गेहूं को धोकर सुखाया जाता है। इसके बाद गेहूं को साफ चक्की में पिसाया जाता है। इससे तैयार आटे से बुधवार की शाम में व्रती रोटी तैयार की जाती है। मिट्टी के चूल्हे पर आम की लकड़ी से व्रती गुड़ और चावल से खीर बनाती है। सूर्यास्त के बाद पूजा-अर्चना के बाद व्रती खरना का अनुष्ठान पूरा करते हैं। कई लोगों के यहां परंपरा के मुताबिक खरना के दिन चावल, दाल और पूड़ियां बनती हैं।

### कृषि विभाग के भृत्य को नोटिस जारी

**जशपुरनगर।** कृषि विभाग के उप संचालक ने कार्यालय में भृत्य के पद पर कार्यरत हरीश कुमार यादव को बिना पूर्व सूचना के अपने कर्तव्य से अनुपस्थित होने पर नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण का जवाब तीन दिवस के अंदर उपस्थित होकर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। कार्यालय उप संचालक कृषि से प्राप्त जानकारी अनुसार उप संचालक कृषि में पद भृत्य हरीश कुमार यादव द्वारा 30 जनवरी 2025 से अब तक बिना पूर्व सूचना या अनुमति के अपने कर्तव्य से अनुपस्थित है। इस संबंध में उप संचालक कृषि के द्वारा 4 फरवरी 2025 को समक्ष उपस्थित होकर अपना स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने तु निर्देशित किया गया था,परंतु आज तक आप अपने कर्तव्य पर उपस्थित नहीं हुए है। इस हेतु कृषि विभाग के उप संचालक ने निर्देशित किया है कि श्री यादव अपना स्पष्टीकरण का जवाब तीन दिवस के अंदर अधोहस्ताक्षरी के समक्ष स्वयं उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। स्पष्टीकरण जवाब संतोषप्रद नहीं होने पर आपके विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

# गांजा, शराब के बाद ताड़ी विक्रेता आए पुलिस के राडार में

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

अवैध नशे के कारोबारियों के खिलाफ पुलिस का ऑपरेशन आघात जारी है। ऑपरेशन आघात के तहत विशेष अभियान में पुलिस ने तीन अलग अलग थाना क्षेत्रों से कुल 225 लीटर नशीली ताड़ी को जब्त करते हुए तीन आरोपी को गिरफ्तार किया है। थाना बगीचा क्षेत्र से 105 लीटर, थाना तुमला क्षेत्र से 100 लीटर व थाना फरसाबहार क्षेत्र से 20 लीटर, नशीली ताड़ी को पुलिस ने जब्त किया है। जिले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह के दिशा निर्देश में पुलिस द्वारा लगातार ऑपरेशन आघात के तहत अभियान चलाकर नशे के सौदागरों के खिलाफ कार्यवाही की जाती रही है। इसी तारतम्य में पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली, कि कुछ व्यक्तियों के द्वारा अवैध रूप से नशीली ताड़ी की बिक्री की जा रही है। जिस पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में थाना बगीचा, फरसाबहार व थाना तुमला पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा अलग - अलग जगहों से छापामारी कर कुल 225 लीटर अवैध नशीली ताड़ी को जब्त करते हुए तीन आरोपियों को हिरासत में लिया गया है। बगीचा क्षेत्र से आरोपी सालदुलु उम्र 38 वर्ष निवासी ग्राम अकरम, थाना सालीगवरारम, जिला नालगोण्डा (आंध्रप्रदेश) के कब्जे से पुलिस ने 105 लीटर अवैध नशीली ताड़ी तथा थाना तुमला क्षेत्र से आरोपी श्रवण बेहरा उम्र 42वर्ष, निवासी ग्राम कुचमुडा, थाना तुमला जिला जशपुर (छग) के कब्जे से 100 लीटर अवैध नशीली ताड़ी व थाना फरसाबहार क्षेत्र से आरोपी शंकर करीमुला उम्र 50वर्ष, निवासी ग्राम चाली, थाना गोड़ना जिला नाल मुंडा (हैदराबाद) के कब्जे से 20 लीटर नशीली ताड़ी जब्त कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

■ जिले में 225 लीटर नशीली ताड़ी जब्त



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

### ताड़ी विक्रेता भेजे गए जेल

आरोपी शंकर करीमुला उम्र 50 वर्ष, निवासी ग्राम चाली, थाना गोड़ना जिला नाल मुंडा (हैदराबाद) श्रवण बेहरा उम्र 42 वर्ष, निवासी ग्राम कुचमुडा, थाना तुमला जिला जशपुर (छग), सालदुलु उम्र 38 वर्ष निवासी ग्राम अकरम, थाना सालीगवरारम, जिला नालगोण्डा (आंध्रप्रदेश) के विरुद्ध थाना फरसाबहार, थाना तुमला व थाना बगीचा में 34(1)(घ) व 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर जांच विवेचना में लिया गया है तथा आरोपियों के विरुद्ध प्रयाप्त अपराध सबूत पाए जाने पर विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है।

### नशे के खिलाफ अभियान जारी रहेगा

मामले में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह ने बताया कि पुलिस को कई दिनों से शिकायत मिल रही थी, जिस पर कार्रवाई की गई है। ऑपरेशन आघात के तहत नशे के खिलाफ अभियान जारी रहेगा।

## गांजा तस्करी का फरार आरोपी 3 माह बाद गिरफ्तार

**जशपुरनगर।** अवैध मादक पदार्थ गांजा तस्करी के मामले में फरार आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मामला पत्थलगांव थना क्षेत्र का है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार 12 जनवरी 2025 को थाना पत्थलगांव पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक संदेही वाहन मारुती सुजुकी क्रंमांक सीजी 13 यूएफ 9803 में एक व्यक्ति अवैध मादक पदार्थ गांजा का परिवहन कर रहा है, जिस पर थाना पत्थलगांव पुलिस के द्वारा सूचना के संबंध में वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को अवगत कराते ग्राम लुडेग तेन्दुपारा एनएच-43 में नाकाबंदी कर संदेही वाहनों की चेकिंग की जा रही थी, कि इसी दौरान मुखबिर के बताए गए संदेही वाहन मारुती सुजुकी क्रंमांक सीजी 13 यूएफ व 9803 को आता देख पुलिस के द्वारा उक्त वाहन की घेराबंदी कर रोकने का प्रयास किया जा रहा था,रोकते समय उक्त वाहन का चालक, पुलिस को देखकर अपनी कार को सडक के बगल पुरानी पक्की सड़क की ओर मोड़, गाड़ी को छोड़कर जंगल का फायदा उठाकर भाग गया था।



आरोपी

### गृह ग्राम गुडुबहाल लैलूंगा से गिरफ्तार

फरार आरोपी बृजेश लकड़ा को उसके गृह ग्राम गुडुबहाल लैलूंगा से घेराबंदी कर पकड़ लिया गया है। पुलिस की पूछताछ में आरोपी द्वारा अपराध घटित करना स्वीकार करने व अपराध सबूत पाए जाने पर आरोपी को विधिवत 31 मार्च 2025 को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है।

## गर्मी में जल आपूर्ति के लिए नगर पंचायत तैयार




हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

गर्मी के मौसम में कुनकुरी के नगरवासियों की पानी की जरूरत को पूरा करने के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर नगर पंचायत ने पानी आपूर्ति के लिए मोर्चा सम्हाल लिया है।

नल-जल से निर्बाध पानी आपूर्ति के साथ नगर पंचायत के कर्मचारी इन दिनों टैंकर से नगरवासियों की पानी की जरूरत पूरा करने के लिए पसीना बहा रहे हैं। सीएमओ प्रवीण उपाध्याय ने बताया कि सीएम के निर्देश पर गर्मी के दौरान पानी की मांग को पूरा करने के लिए नगर पंचायत ने पूरी तैयार कर ली है। उन्होनें बताया कि नगर के 15 वार्डों में मुहल्लेवासियों को पानी की आपूर्ति के लिए नगर पंचायत के पास 11 बोरवेल है। इसके अलावा ईब नदी में निर्मित एनीकट से नगर में निर्मित 3 पानी टंकियों से 948 नल कनेक्शनधारी उपभोक्ताओं को पानी उपलब्ध कराया जा रहा है। इसके अलावा जरूरत के अनुसार



अतिरिक्त पानी उपलब्ध कराने के लिए नगर पंचायत के पास पानी के पांच टैंकर उपलब्ध है। इनसे सुबह-शाम पानी की आपूर्ति की जा रही है। कुनकुरी वासियों को 24 घंटे पानी उपलब्ध कराने के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अमृत मिशन 2.0 योजना के अंतर्गत 48.81 करोड़ रूपये की स्वीकृति दी है। इस राशि से ईब नदी में एनीकट और पंप हाउस के साथ फिल्टर प्लांट का निर्माण किया जाएगा। इसके साथ ही नगर के हर घर में नल जल पहुंचाने के लिए पाईप लाइन विस्तार की योजना भी बनाई गई है। दिसंबर 2026 तक योजना का निर्माण पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। इस योजना के पूर्ण हो जाने से कुनकुरी में जल समस्या बीते दिनों की बात हो जाएगी।

### हाथी निगरानी दल ने पकड़ा साल लट्ठा लोड पिकअप

**राजपुर।** राजपुर वन परिक्षेत्र अंतर्गत बरियों सर्किल के रेवतपुर जंगल मे रात्रि गस्त के दौरान हाथी निगरानी में गए वन विभाग की टीम को बड़ी सफलता मिली है।

## आपार आईडी निर्माण के लिए स्कूल स्तर पर किया जाए शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

कलेक्टर रोहित व्यास द्वारा जिला कार्यालय सभाकक्ष में मंगलवार को राजस्व मामलों की समीक्षा हेतु बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने शासन के निर्देशानुसार इस माह में आयोजित होने वाले राजस्व पखवाड़े के लिए तैयारियां करने को कहा।

उन्होंने सभी राजस्व अधिकारियों को राजस्व पखवाड़े में प्राप्त अधिकांश प्रकरणों का तत्समय ही निराकरण करवाने एवं यथासंभव प्रकरणों का एक सप्ताह के भीतर निराकरण करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही मुख्यमंत्री जनदर्शन, कलेक्टर जनदर्शन द्वारा प्राप्त आवेदनों को समयबद्ध तरीके से निराकृत करने को कहा। कलेक्टर ने राजस्व न्यायालयों द्वारा दिये गए आदेशों की तामिली सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों को कार्य करने को कहा। उन्होंने स्कूली बच्चों के लिए आपार आईडी निर्माण कार्य में हो रही दिक्कतों को निराकृत करने के लिए संकुल एवं स्कूल स्तर पर विशेष शिविरों का आयोजन कर आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र जैसे दस्तावेजों का निर्माण कर शत प्रतिशत बच्चों का आपार आईडी स्कूली सत्र के प्रारम्भ में ही बनवाने के निर्देश दिए। जिससे किसी भी परिजन को दस्तावेजों के लिए कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाना पड़े और आईडी निर्माण कार्य में भी तेजी आए। इसके अतिरिक्त उन्होंने डिजिटल क्रॉप सर्वे के तहत सर्वेक्षण कार्य पूर्ण कराने को कहा। उन्होंने तहसीलों के निरीक्षण हेतु दल गठित कर सभी तहसीलों का निरीक्षण कर लंबित मामलों सहित अन्य प्रकरणों की जांच करने के निर्देश दिए। बजट 2025-26 एवं मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय द्वारा की गई घोषणाओं के तहत प्रस्तावित विकास कार्यों के लिए जल्द से जल्द स्थल का चयन करने को कहा। उन्होंने राजस्व न्यायालयों में लंबे समय से लंबित प्रकरणों के त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही विकास कार्यों हेतु भू-अर्जन की स्थिति का जायजा लेते हुए जल्द से जल्द मुआवजा प्रकरणों का निराकरण करने के निर्देश दिए। इस बैठक में उन्होंने स्वामित्व योजना, नामांकन, सीमांकन, अभिलेख शुद्धता, ई-नामांतरण, खाता विभाजन, खसरा सुधार, नक्शा अद्यतनीकरण, आधार प्रविष्टि आदि के प्रकरणों की प्रगति की भी समीक्षा की। उन्होंने जलशक्ति मंत्रालय के जल संरक्षण हेतु चलाये जा रहे जल संरक्षण आंदोलन के तहत सभी राजस्व विभाग के कार्यालयों में बारिश का मौसम आने से पूर्व रेन वाटर हार्वेस्टिंग की स्थापना सुनिश्चित करने के लिए कहा। जिससे जल संरक्षण के साथ लोगों को जल के संरक्षण के लिए प्रेरित भी किया जा सके।

■ कलेक्टर ने ली राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक



अधिकारियों की बैठक लेते कलेक्टर

### दिगंबर जैन स्कूल में थिएटर वर्कशॉप का आयोजन

**जशपुरनगर।** श्रीमहावीर दिगंबर जैन हाई स्कूल में थिएटर वर्कशॉप का आयोजन किया गया है। इस वर्कशॉप में विद्यालय के बच्चों ने भाग लिया और उन्हें अपनी प्रतिभा को निखारने का अवसर मिला। वर्कशॉप के दौरान एसपी शशि मोहन सिंह ने बच्चों से अपना अनुभव साझा किए। उन्होंने कहा कि एक अच्छा अभिनेता अभिनय नहीं करता वह उसे जीता है। उन्होंने बच्चों को अपने जीवन के अनुभवों के बारे में बताया और उन्हें सिखाया कि कैसे वे अपने जीवन में अभिनय का उपयोग कर सकते हैं। वर्कशॉप के दौरान, आनंद पांडे और मोहम्मद अयान रजा ने बच्चों को अभिनय के गुर सिखाए। उन्होंने बच्चों को अपनी प्रतिभा को निखारने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम के अंत में शशिमोहन ने विद्यालय प्रबंधन को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस तरह के प्रयासों से बच्चों को बहुत लाभ होता है और निश्चित ही बच्चों में कोई भविष्य में बड़ा अभिनेता बन सकता है। कार्यक्रम में एसपी शशि मोहन सिंह, आनंद पांडे, मोहम्मद अयान रजा, विद्यालय प्रबंधन की सचिव श्रीमती स्वाति जैन, प्राचार्य संजय सिन्हा, और विद्यालय परिवार के शिक्षक गण उपस्थित थे।

### सद्भावना मैच में पत्रकारों ने दिखाया अपने खेल का हुनर

# एसएसपी के सामने कलम के सिपाहियों ने थामा बल्ला

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जब कलम के सिपाहियों ने कलम छोड़कर अपने हाथों में थाम लिया बल्ला। आपस मे ही भीड़ गए जिले के पत्रकार और दिखा दिया बल्ले का जादू। जिला मुख्यालय के रणजीता स्टेडियम में शत्रुंजय प्रताप सिंह जूदेव मेमोरियल फ्लड लाइट अंतरराज्यीय क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है।

■ शत्रुंजय प्रताप मेमोरियल फ्लड लाइट अंतरराज्यीय क्रिकेट मैच

इस आयोजन में सोमवार को सद्भावना मैच का आयोजन किया गया,जिसमे जिले के पत्रकारों ने क्रिकेट में अपना जौहर दिखाया। इस मैच में प्रेस इलेवन और पत्रकार इलेवन के बीच में सम्पन्न हुआ। एक टीम के कप्तान सुनील सिन्हा थे वही दूसरे टीम के कप्तान के रुप मे विकास पांडे ने अपनी भूमिका निभाई। सोमवार को सद्भावना मैच के मुख्यातिथिएसएसपी शशि मोहन सिंह ने टॉस करा कर मैच प्रारंभ कराया। सुनील सिंह की टीम ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। पहले टीम में ओपनिंग बल्लेबाजी करने के लिए कुंदन सिंह और वरिष्ठ पत्रकार अमानुल्लाह मालिक मैदान में उतरे। इस इवनिंग में कुंदन सिंह ने अपना जौहर दिखाते हुए सलामी बल्लेबाजी करते हुए 17 गेंदों में ही अपना अर्द्धशतक पूरा कर लिया था।



### मैन ऑफ द मैच बने कुंदन


सद्भावना मैच के मैन ऑफ द मैच पत्रकार कुंदन सिंह बने। वही उस मैच में अच्छी बल्लेबाजी के लिए कुंदन सिंह और अभिषेक मिश्रा को सम्मानित किया गया। इसके साथ ही बेस्ट फिलिडिंग के लिए पत्रकार गणेश साहू एवं रुद्रदामन पाठक, बेस्ट कैच के लिए शिवप्रताप सिंह को सम्मानित किया गया। इस सद्भावना मैच में जिले के पत्रकार अमानुल्लाह मलिक, सुनील सिन्हा, एन नवीन ओझा,विकास पांडे, रविन्द्र थवाईत, संजीत यादव, प्रशांत सहाय, कुंदन सिंह, आनन्द गुप्ता, शिवप्रताप सिंह, जितेंद्र सोनी,प्रदीप तिग्गा, सुमीत ठाकुर, गणेश साहू, सुमित गुप्ता, तरुण शर्मा, रुद्रदामन पाठक शामिल हुए। वही इस मैच की कॉमेंट्री सज्जू खान, अतुल मूंदडा, दीपक पाठक ( दीपू महाराज) ने किया। इसके साथ ही कमेटी के सदस्य सहित दर्शको ने भी सद्भावना मैच का आनंद लिया।

## जिला चिकित्सालय में निःशुल्क सिकल सेल, थैलेसीमिया परामर्श

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिला चिकित्सालय के एमसीएच विंग में आगामी 7 अप्रैल को स्वास्थ्य विभाग के द्वारा निःशुल्क सिकल सेल, थैलेसीमिया परामर्श जागरूकता एवं एचएलए मैचिंग शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

शिविर में बाल चिकित्सालय नारायणा हॉस्पिटल बंगलोर के ब्रोन मैरो ट्रांसप्लांट डॉ. सुनील भट्ट सेवाएं देगें। 12 वर्ष तक के बच्चों और उनके भाई बहन का एचएलए टेस्ट निःशुल्क होगा। डॉ. सुनील भट्ट ने बताया कि वे 07 अप्रैल को अपनी सेवा देने जशपुर आ रहे हैं। जिसमें निःशुल्क ओपीडी शिविर लगाएंगे। उन्होंने कहा कि जो थैलेसीमिया, सिकल सेल के बच्चे हैं जिसका उम्र 12 वर्ष से कम है वे अपने भाई-बहन को लेकर इस कैंप में आवश्यक आए। शिविर ऐसे बच्चों को 07 अप्रैल को निःशुल्क एचएलए मैचिंग लिया जाएगा। जिन बच्चों को ईलाज के दौरान चिन्हांकन किया जाएगा या जो थैलेसीमिया, सिकल सेल के मरीज होगें उनको आगे ट्रांसप्लांट के लिए भेजा जाएगा और आर्थिक रूप से सहयोग की भी व्यवस्था की जाएगी। थैलेसीमिया, सिकल सेल से ग्रस्ति मरीजो एवं उनके भाई बहन को शिविर में निःशुल्क ईलाज कराने हेतु साथ में आधार कार्ड लाना अनिवार्य होगा।





# चिरंजीवी ने शुरू की 'मेगा 157' की शूटिंग

**मुंबई।** मेगास्टार चिरंजीवी ने अपनी आगामी फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी है, जिसका संभावित नाम 'मेगा 157' है। अभिनेता ने इस फिल्म के लिए निर्देशक अनिल रविपुडी के साथ मिलकर काम किया है। चिरंजीवी ने उगादी के अवसर पर फिल्म के सेट से कई तस्वीरें पोस्ट कीं, जो नई शुरुआत का प्रतीक है। फिल्म को अभिनेता वेंकटेश दग्गुबाती ने लॉन्च किया, जिन्होंने पहले फिल्म के क्लैपबोर्ड के साथ पोज दिया और फिर मेगास्टार के साथ गले मिले। चिरंजीवी ने 'मेगा 157' के पूजा समारोह से कई तस्वीरें साझा कीं।

लाइफ Style

# अदिति

## 'गजगामिनी चाल' पर नहीं मिला काम

एजेंसी ⏭ मुंबई

बॉलीवुड एक्ट्रेस अदिति राव हैदरी ने बीते साल नेटफ्लिक्स की सीरीज 'हीरामंडी: द डायमंड बाजार' में अपनी गजगामिनी चाल वाले डांस से सबका दिल जीत लिया था। अदिति राव की तारीफ उन लोगों ने भी की थी जिन्हें सीरीज पसंद नहीं आई थी।

डायरेक्टर संजय लीला भंसाली की ये सीरीज काफी सुर्खियों में रही थी। अदिति राव हैदरी को भी सीरीज में निभाए किरदार 'बेबो जान' के लिए खूब तारीफें मिली थीं। लेकिन तारीफों के बाद भी अदिति राव को काम नहीं मिल रहा है। इसका दुखड़ा खुद अदिति राव हैदरी ने बताया है। हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में हैदराबाद के शाही परिवार की लाडली अदिति राव ने बताया कि तारीफों के बाद भी काम का इंतजार है।

अदिति राव ने हाल ही में फराह खान के ब्लॉग्स में बताया कि भले ही उन्हें हीरामंडी के लिए खूब सराहा गया था लेकिन इसका कोई खास फायदा नहीं हुआ है। क्योंकि किसी ने भी अदिति राव को काम ऑफर नहीं किया है। अदिति बताती हैं, 'हीरामंडी जब रिलीज हुई तो लोगों ने इसकी खूब तारीफ की। लगातार कई दिनों तक लोगों से मैं तारीफें सुनती रहीं। मेरे किरदार को लेकर भी लोग खूब सराहना करते रहे। इसके बाद भी मुझे सीरीज के बाद काम नहीं मिला। सीरीज के बाद से काम का इंतजार रहा। ये काफी बुरा अहसास कराने वाली बात साबित हुई।' अदिति ने इस सीरीज में एक क्रांतिकारी तवायफ का रोल निभाया था।




## हॉलीवुड मसाला



# डेबोरा ने पहले रखी नई शर्तें...

**लॉस एंजिलिस।** 27 साल शादी में रहने के बाद साल 2023 में ह्यू जैकमैन और डेबोरा-ली फर्नेस ने तलाक का ऐलान किया था। दोनों के अलग होने की खबरों ने फैंस से लेकर इंडस्ट्री के लोगों को भी हैरान कर दिया था। मगर इस मामले में हैरानी की बात है कि अभी तक दोनों कानूनी तौर पर अलग नहीं हो पाए हैं। जनवरी में, कपल न्यूयॉर्क में तलाक के लिए आवेदन करने से कुछ ही हफ्ते दूर थे मगर इस कहानी में एक नया टर्न आ गया है। अभिनेता की पत्नी का अब मानना है कि इस तलाक से वो अधिक पैसे की 'हकदार' है जितना कि जैकमैन उन्हें देने वाले थे।



# फिर लौटेंगे अवेंजर्स, शुरू हुई 'डूम्सडे' की शूटिंग...

**मुंबई।** मार्वल फिल्मों के दीवानों के लिए बहुत बड़ा खुशखबरी सामने आई है। 'एवेंजर्स एंडगेम' के बाद इसका अगला भाग 'एवेंजर्स डूम्सडे' आने वाला है, इसकी घोषणा मार्वल स्टूडियो द्वारा की गई। निर्माता ने स्टारकास्टों के नाम का भी खुलासा किया है। मार्वल स्टूडियो ने बीते बुधवार को जानकारी दी कि 'एवेंजर्सः डूम्सडे' फिल्म का निर्माण शुरु हो गया है। इसके साथ ही निर्माता ने कलाकारों के नाम का भी खुलासा किया, जिसमें उन्होंने बताया कि एमसीयू के कई दिग्गज कलाकार इसमें वापसी कर रहे हैं। इस नए भाग में कैप्टन अमेरिका, बकी बार्न्स, एंट मैन और लोकी के रूप में सभी एवेंजर्स इस भाग में वापस आ गए हैं। हालांकि, आयरन मैन इसमें नहीं नजर आएंगे। एंथनी और जो रूसो द्वारा निर्देशित इस फिल्म में सुपर विलेन डॉक्टर डूम के रूप में नजर आएंगे।



# देश को बड़े खतरे से बचाने निकले...


**मुंबई।** साउथ स्टार कार्ति की मच अवेटेड फिल्म 'सरदार 2' के मेकर्स ने सोमवार को ईद के मौके पर फैंस को बड़ा तोहफा दिया है। मेकर्स ने सफल जासूसी फिल्म के अगले भाग का आज फर्स्ट लुक और टीजर वीडियो जारी कर दिया गया है। इस फिल्म के जरिए कार्ति एक बार फिर बड़े पर्दे पर तहलका मचाने आ रहे हैं। 'सरदार 2' के मेकर्स ने ईद के मौके पर कार्ति के फैंस का दिन बना दिया है। मेकर्स ने फिल्म का एक टीजर वीडियो जारी किया है, जिसे प्रोलॉग वीडियो बताया है। लगभग तीन मिनट लंबे इस वीडियो में कार्ति जबरदस्त एक्शन अवतार में नजर आ रहे हैं। टीजर की शुरूआत में चीनी सेना दिखती है। चीनी सेना एक व्यक्ति से पूछती है कि क्या डेलीगेट अभी भी अंदर है? व्यक्ति कहता है हां, दरवाजा बंद हुए एक घंटा हो चुका है।



# साझा की 'थामा' के सेट से तस्वीर...

**मुंबई।** आयुष्मान खुराना इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'थामा' की शूटिंग में व्यस्त हैं। ये फिल्म दिनेश विजन और अमर कौशिक के हॉरर-कॉमेडी यूनिवर्स का हिस्सा है। दर्शकों को इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार है। फिल्म के कलाकार अक्सर फिल्म से जुड़ी तस्वीरें अपने सोशल मीडिया पर साझा करते रहते हैं। अब अभिनेता आयुष्मान खुराना ने फिल्म की शूटिंग के दौरान की एक तस्वीर सोशल मीडिया पर साझा की है। आयुष्मान खुराना ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर फिल्म 'थामा' के सेट से एक तस्वीर साझा की है। ये तस्वीर शूटिंग के वक्त की है। आयुष्मान की तस्वीर में शूटिंग के उपकरण नजर आ रहे हैं, साथ ही सेट पर कई लोग भी दिखाई पड़ रहे हैं। इस तस्वीर के साथ आयुष्मान ने हैशटैग थामा के साथ लिखा है 'ग्रेवयार्ड शिफ्ट'।

## टीवी मसाला



# क्या काजल पिसल निभाएंगी दया बेन की भूमिका?

**मुंबई।** टीवी शो 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' लंबे वक्त से दर्शकों का मनोरंजन कर रहा है। इस शो का हर किरदार बेहद खास है और दर्शकों से सीधे तौर पर जुड़ा है। मगर, जेठालाल और दयाबेन की बात ही अलग है। दयाबेन का किरदार अभिनेत्री दिशा वकानी ने बड़ी ही खूबसूरती से अदा किया। साल 2017 में वे मैटरनिटी लीव पर चल गईं। तब से फैंस शो में उनकी वापसी का इंतजार कर रहे हैं। हालांकि, अब दिशा वापस नहीं आएंगी। शो के निर्माता असित मोदी भी इसकी पुष्टि कर चुके हैं। कहा जा रहा है कि मेकर्स को दिशा का रिप्लेसमेंट भी मिल गया है। कई मीडिया रिपोर्ट्स में दावे किए जा रहे हैं कि अभिनेत्री काजल पिसल अब 'तारक मेहता' शो में दयाबेन की भूमिका करती दिखेंगी। इस तरह के कयासों पर खुद काजल ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने इसे दावों को फेक न्यूज बताया है। काजल ने स्पष्ट किया है कि वे 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में दयाबेन की भूमिका नहीं अदा कर रही हैं। हालांकि, काजल ने यह भी कहा कि उन्होंने शो के लिए ऑडिशन दिया था।

## 'सुंदरता के चक्कर में गंवाए कई प्रोजेक्ट्स'



**मुंबई।** करण वाही टेलीविजन के एक मशहूर अभिनेता हैं। वो कई धारावाहिक में नजर आ चुके हैं। हाल ही में करण वाही ने एक खुलासा करते हुए कहा कि ज्यादा सुंदर होने का भी कई बार नुकसान उठाना पड़ जाता है। अभिनेता ने कहा कि सुंदरता के चक्कर में बहुत प्रॉब्लम होती है। आखिर ऐसा क्या हुआ जो एक अभिनेता को इस तरह की बात कहनी पड़ी। करण वाही हाल ही में कॉमेडियन भारती सिंह के पॉडकास्ट में पहुंचे थे। यहां उन्होंने अपने करियर और आगामी प्रोजेक्ट्स को लेकर बात की। इस दौरान करण ने अपने साथ हुए एक वाकये को भी बताया, जिसमें उन्हें सुंदर होने के चक्कर में नुकसान हो गया। अभिनेता ने कहा, "मुझे मुख्य अभिनेता की तुलना में ज्यादा सुंदर होने के कारण कई प्रोजेक्ट्स से हाथ धोना पड़ा है। हालांकि, ये बात मुझे कभी सामने से नहीं बताई गई, बल्कि मुझे दूसरों से इसके बारे में पता चला। मुझे इसके पीछे की सोच कभी समझ में नहीं आती। अगर मैं किसी शो में लीड एक्टर हूं, तो भी मैं उसमें वैल्यू ऐड करूंगा न।

# फैंस के बीच फंसे कार्तिक वायरल हो रहा वीडियो...

**मुंबई।** अभिनेता कार्तिक आर्यन इस समय अपनी आगामी फिल्म की शूटिंग में व्यस्त हैं। इसी बीच उनका एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें वह भीड़ से गुजरते हुए दिखाई दे रहे हैं। जानिए आखिर क्या हुआ ऐसा कि अभिनेता को फैंस ने घेरा। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में कार्तिक आर्यन सड़क पर फैंस के बीच घिरे नजर आ रहे हैं। वायरल वीडियो में अभिनेता अपने प्रशंसकों से तस्वीरें खिंचाते दिख रहे हैं और ऑटोग्राफ भी देते नजर आ रहे हैं। यह वीडियो गंगटोक का बताया जा रहा है। वहां मौजूद अभिनेता की गाड़ी को सुरक्षाकर्मियों ने घेर रखा है। कुछ देर फैंस से मिलने के बाद वह अपनी गाड़ी में चले जाते हैं। अनुराग बसु के निर्देशन में कार्तिक आर्यन और श्रीलीला अपनी आगामी फिल्म की शूटिंग में व्यस्त हैं। अभी हाल ही में उन्होंने सिलीगुड़ी में शूटिंग समाप्त की है, जिसकी एक तस्वीर दोनों ने अपने इंस्टग्राम पर शेयर की थी, जिसे फैंस द्वारा खूब पसंद किया गया था। इस फिल्म को लेकर चर्चा काफी तेज है। इससे पहले शूटिंग सेट से दोनों की बाइक पर सैर करते तस्वीरें भी वायरल हो चुकी हैं।



# 'सिकंदर' की ईद पर 26 करोड़ की फीकी कमाई




*मुंबई। निर्माता साजिद नाडियाडवाला और निर्देशक ए आर मुरुगादॉस की फिल्म 'सिकंदर' की रिलीज के पहले दिन इसे मिले स्क्रीन्स और शोज की संख्या आप जानेंगे तो हैरान रह जाएंगे। करीब 5500 स्क्रीन्स पर एक साथ रिलीज हुई फिल्म के रविवार को करीब 22 हजार शोज की तैयारी इसके मेकर्स ने की। लेकिन, इतने तामझाम के साथ रिलीज हुई फिल्म 'सिकंदर' का मुकद्दर अच्छा नहीं दिख रहा। फिल्म ने रिलीज के पहले दिन रात 10 बजे तक सिर्फ 26 करोड़ रुपए की कमाई की। दो सौ करोड़ रुपए में बनी किसी फिल्म के लिए ये ओपनिंग अच्छी शुरुआत नहीं है। सलमान खान की आखिरी फिल्म साल 2023 में रिलीज हुई थी। यशराज फिल्म्स की इस पिक्चर 'टाइगर 3' ने भी रिलीज के पहले दिन अपने बजट का 20 फीसदी कलेक्शन नहीं किया था, लेकिन इसका पहले दिन का कलेक्शन 44.50 करोड़ रुपये था और इसे सम्मानजनक माना जा सकता है।*

# ओटीटी पर उपलब्ध हैं ये बॉलीवुड-हॉलीवुड की धांसू फिल्में, घूम जाएगा दिमाग...

*मुंबई। अप्रैल के पहले सप्ताह पर घरवालों के साथ ओटीटी पर देखिए ये बेहतरीन फिल्में। इस लिस्ट में देवा से लेकर मुफासा तक शामिल हैं। जानिए किस प्लेटफॉर्म पर देख सकेंगे ये शानदार बॉलीवुड-हॉलीवुड फिल्में। तो देर किस बात की इन फिल्मों का वीकेंड पर जमकर मजा लीजिए...*




**देवा :** शाहिद कपूर की फिल्म देवा इस लिस्ट में पहले नंबर पर है। यह फिल्म 31 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। यह फिल्म 2013 की मलयालम फिल्म मुंबई पुलिस का रीमेक है। सिनेमाघरों में यह फिल्म फ्लॉप रही थी, लेकिन अब इसे नेटफ्लिक्स पर रिलीज किया गया है।

**विदुथलाई पार्ट 2 :** विजय सेतुपति अपनी शानदार एक्टिंग के लिए जाने जाते हैं। उनकी फैन फॉलोइंग साउथ के साथ-साथ बॉलीवुड में भी है। विदुथलाई पार्ट 2 में क्रांतिकारी पेरुमल वाथियार की कहानी दिखाई गई है। इस फिल्म को वेत्रिमारन ने डायरेक्ट किया है। पहला पार्ट पहले ही ओटीटी पर आ चुका है और अब इसका दूसरा पार्ट जी5 पर उपलब्ध है।





**द लाइफ लिस्ट :** द लाइफ लिस्ट एक हॉलीवुड फिल्म है, जिसमें एक युवा लड़की की कहानी है। उसकी जिंदगी अपनी मां एलिजाबेथ की मौत के बाद बदल जाती है। यह 28 मार्च को नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो चुकी है।

**डेन ऑफ थीव्स 2 :** डेन ऑफ थीव्स 2 एक हॉलीवुड फिल्म है। इसमें धमाकेदार एक्शन देखने को मिलेगा। यह फिल्म भी 28 मार्च को रिलीज हो चुकी है। इसे लायन्सगेट प्ले पर देखा जा सकता है। इस फिल्म में बिग निक ओ ब्रायन का किरदार फिर से नजर आएगा।



**मुफासा - द लॉयन किंग :** एनिमेटेड फिल्म मुफासा - द लॉयन किंग ने सिनेमाघरों में धूम मचाई थी। अब यह ओटीटी पर उपलब्ध है। डिज्नी ने अपने एक्स हैंडल पर इसकी ओटीटी रिलीज की घोषणा की थी। यह फिल्म 26 मार्च को जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम हो चुकी है। यह 2019 की फिल्म द लॉयन किंग का प्रीक्वल है।



# कपिल ने फैंस को दिखाई अपनी नई फिल्म की झलक...



**मुंबई।** कॉमेडी के किंग कहे जाने वाले कपिल शर्मा अब एक बार फिर बड़े पर्दे पर नजर आने वाले हैं। कपिल शर्मा ने अपनी नई फिल्म को लेकर एक बड़ी अपडेट दी है। आज ईद के मौके पर कपिल ने अपनी नई फिल्म का पहला पोस्टर जारी कर दिया है। ईद के मौके पर कपिल शर्मा ने अपने फैंस को ईदी दी है। कपिल ने अपनी पहली फिल्म 'किस किसको प्यार करूं' के दूसरे भाग 'किस किसको प्यार करूं 2' का पहला पोस्टर आज जारी कर दिया है। इस पोस्टर में कपिल दूल्हे के रूप में नजर आ रहे हैं और उनके साथ दुल्हन के जोड़े में एक लड़की भी खड़ी है। हालांकि, दुल्हन लंबा घूंघट किए हुए है, इसलिए चेहरा नजर नहीं आ रहा है। इस पोस्टर को अपने इंस्टाग्राम पर साझा करते हुए कपिल ने कैप्शन में सिर्फ ईद मुबारक लिखा है। साथ में कुछ इमोजी मेंशन किए हैं।

## खबर संक्षेप



### समिति ने जरूरतमंदों को बांटी सामग्री

**रायगढ़।** श्रद्धा महिला मंडल एसईसीएल बिलासपुर के तत्वावधान में किये जा रहे सामाजिक कार्यों से प्रेरित होकर समाज के प्रति अपने उत्तरदायित्व को निभाते हुए रायगढ़ क्षेत्र की सुचेतना समिति रायगढ़ क्षेत्र द्वारा ग्राम जामपाली, सिंहमोजा, डुमरपाली के ग्रामीणों को मच्छरदानी, शीतल पेय पदार्थ एवं स्वल्पाहार इत्यादि का वितरण किया गया।

### विवाद में युवक पर पालतू कुत्ता छोड़ा, गिरफ्तार

**रायगढ़।** चक्रधरनगर थाना क्षेत्र में एक गंभीर मामला सामने आया है, जहां दो व्यक्तियों के बीच विवाद के दौरान एक युवक ने अपने पालतू कुत्ते को हमले के लिए छोड़ दिया, जिससे पीड़ित की जांघ पर गहरी चोट आ गई। पुलिस ने इस मामले में सख्त कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। घटना ग्राम कोतरलिया की है। मिली जानकारी के अनुसार 55 वर्षीय सुरेश प्रधान 31 मार्च की दोपहर अपने निजी तालाब में नहाने गए थे। इसी दौरान गांव का 21 वर्षीय कमल प्रधान अपने पालतू कुत्ते को उसी स्थान पर नहला रहा था। जब सुरेश प्रधान ने उसे कुत्ते को अन्यत्र ले जाकर नहलाने की सलाह दी, तो कमल प्रधान ने गाली-गलौज शुरू कर दी और मारपीट पर उतर आया। मारपीट के दौरान सुरेश प्रधान तालाब में गिर पड़े और जैसे ही वे बाहर निकले, आरोपी ने अपने कुत्ते को उन पर छोड़ दिया। कुत्ते ने उनके जांघ पर काट लिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए।

### डायल 112 में गूंजी किलकारी

**रायगढ़।** घरघोड़ा क्षेत्र में डायल



112 की सतर्कता और त्वरित कार्रवाई से एक गर्भवती महिला ने पुलिस वाहन में सुरक्षित रूप से बच्चे को जन्म दिया। यह घटना तब घटी जब प्रसव पीड़ा से तड़प रही महिला की मदद के लिए पुलिस टीम मौके पर पहुंची और अस्पताल ले जाते समय प्रसव की स्थिति बन गई। डायल 112 को सूचना मिली कि घरघोड़ा के उरांवपारा में रहने वाली 33 वर्षीय कमला उरांव, पत्नी मालिक राम उरांव को अचानक प्रसव पीड़ा शुरू हो गई है। सूचना मिलते ही पुलिस आरक्षक और चालक तत्काल मौके पर पहुंचे और महिला को एम्बुलेंस में लेकर अस्पताल के लिए रवाना हुए। लेकिन रास्ते में दर्द बढ़ने पर हालात की गंभीरता को समझते हुए टीम ने सूझबूझ से काम लिया और पड़ोस की महिलाओं की मदद से पुलिस वाहन में ही सुरक्षित प्रसव कराया। डिलिवरी के तुरंत बाद मां और नवजात को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने दोनों को स्वस्थ बताया।

## निधन...

### महावीर प्रधान

**पुसौर।** ग्राम पंचायत पडिगांव में



1995 के आसपास सरपंच रहे महावीर प्रधान का बिते दिनांक को निधन हो गया। जानकारी के मुताबिक ये कुछ साल से ग्राम बाघाडोला में निवासरत थे, जहां उनके लगातार स्वास्थ्य खराब होने की वजह से लगभग 70 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। बताया जाता है कि ये अपनी सरपंची कार्यकाल में महानदी मे बाढ आने के बीच तात्कालीन मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह से मुखातिब होकर बाढ की चपेट से बचने लंबा होमवर्क किया था इसके लिए ये उनके ही हेलीकाप्टर में सूरजगढ़ से भोपाल तक की यात्रा की थी वहीं पडिगांव में वृहत्ताकार सिंचाई योजना को स्थापित करने में इनकी अहम भागीदारी रही जिसके उद्घाटन के अवसर पर इन्होंने समूचे जिले के नामचिन लोगों यथा कलेक्टर मंत्री सहित आम और खास सभी लोगों को पार्टी थी जिसे आज भी लोग भूल नहीं पाए हैं।

विभागों ने भी ध्यान देना छोड़ा, नहीं होती मॉनिटरिंग

# कागजों में शून्य है पलायन, जबकि हर गांव से दिगर प्रांत में कमाने-खाने जा रहे लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



जिले में लगभग सभी विकासखंड से ग्रामीण खाने-कमाने के लिए गर्मी के दिनों में दिगज प्रांतों की ओर रूख करते हैं। किंतु कागजों में पलायन का आंकड़ा शून्य दर्शाया गया है। जबकि जिले के धरमजयगढ़, लैलूंगा, तमनार व घरघोड़ा विकासखंड से सर्वाधिक ग्रामीण अधिक पारिश्रमिक पाने के लिए अन्य राज्यों में मजदूरी करने के लिए जाते हैं।

दरअसल हाल में ही विधानसभा सत्र के दौरान एक आंकड़ा प्रस्तुत किया गया, जिसमें जनवरी 2024 से लेकर फरवरी 2025 तक पलायन करने वाले मजदूरों की जानकारी सत्र में साझा की गई। इसमें रायगढ़ व सारंगढ-बिलाईगढ़ जिले में पलायन करने वाले मजदूरों की संख्या शून्य बताई गई। जबकि रायगढ़ जिले में धरमजयगढ़, लैलूंगा, तमनार व घरघोड़ा तथा सारंगढ जिले में भी पलायन करने वाले मजदूरों की संख्या हजारों में हैं। बताया जाता है कि छत्तीसगढ़ के मुकाबले दिगज प्रांतों जैसे जम्मू कश्मीर, तमिनलाडू, पश्चिम बंगाल व पंजाब में प्रतिदिन पारिश्रमिक अधिक मिलता है। जिसकी वजह से यहां के मजदूर खरीफ का मौसम समाप्त होने के बाद उक्त राज्यों में ओर पलायन करते हैं और पुनः बारिश के मौसम में या कहें खरीफ के मौसम में वापस आ जाते हैं।

विभागीय सूत्र बताते हैं कि कोरोना संक्रमण काल में पलायन करने वाले मजदूरों को वापस लाने लिए बकायदा राज्यों को राशि उपलब्ध कराई थी, इस राशि का उपयोग जिले के माध्यम से उन्हें वापस लाने में किया गया था। इस दौरान ही पलायन करने वाले मजदूरों का आंकड़ा जुटाने में प्रशासन ने गंभीरता बरती थी, किंतु इसके बाद न तो पलायन करने वाले मजदूरों की जानकारी एकत्र की जा रही है और न ही पलायन की स्थिति की मॉनिटरिंग हो रही है। युवाओं के साथ महिलाएं भी करती हैं पलायन इसमें अधिकतर गांव के युवा वर्ग शामिल हैं। इसके अलावा महिलाएं भी काम की तलाश में पलायन कर रही हैं। लोगों का मानना है कि मनरेगा के तहत काम तो दिया जाता है, लेकिन उसकी मजदूरी दर काफी कम है और भुगतान भी नकद नहीं किया जाता है। यह भी पलायन की एक वजह है।

#### विलंब से पारिश्रमिक मिलना भी वजह

ग्रामीणों के मुताबिक मनरेगा की मजदूरी का भुगतान ऑनलाइन होता है और उन्हें अपने मेहनताने को पाने के लिए 2 से 3 महीने तक इंतजार करना पड़ता है। इसके बाद कई बार बैंकों के चक्कर लगाने पड़ते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि मजदूरी के बाद हर मजदूर चाहता है कि उसे उसका मेहनताना समय पर और नकद में मिले, लेकिन ऐसा नहीं होता। ऐसे में उन्हें घर परिवार चलाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। यही वजह है कि गांव के युवा और महिलाएं दूसरे राज्यों में पलायन करने को मजबूर हैं।

#### शासन से मिले निर्देश पर पालन नहीं

पलायन रोकने के लिए हर संभव कदम उठाए जा रहे हैं। श्रम विभाग में संचालित योजनाओं को मजूदरों तक पहुंचाने के लिए विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं। साथ ही श्रमिकों को ज्यादा से ज्यादा काम दिलाने के लिए विभाग को निर्देश दिए गए हैं। किंतु इस निर्देश का पालन जमीनी स्तर पर होता नजर नहीं आ रहा है।

# गौवंश की हत्या, तीन गिरफ्तार, क्षेत्र में तनाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ धरमजयगढ़



जिले के धरमजयगढ़ क्षेत्र में गौ हत्या का मामला सामने आया है। जिससे पुलिस ने घटना में शामिल तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से गौ मांस जब्त कर मेडिकल जांच के बाद आगे की कार्रवाई में जुट गई है। वहीं, इस घटना के बाद क्षेत्र में तनाव का माहौल है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार धरमजयगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत रैरुमा चौकी के चरखापारा बड़े मवेशी बाजार के लिए खास माना जाता है। इस दौरान शनिवार को देर रात एक गाय गड्ढे में गिर गई थी। इस दौरान उसके साथ एक बछड़ा भी था। ऐसे में रात में बछड़ा काफी शोर मचा रहा था, इस दौरान आसपास के तीन लोग पहुंचे और गाय की हत्या कर दी। ऐसे में रविवार को सुबह जब स्थानीय लोगों को इसकी जानकारी मिली तो गौ हत्या की सूचना पुलिस को दी, जिससे पुलिस मौके पर पहुंच कर तत्काल मामले की जांच करते हुए चरखापारा के विनोद खेस, अर्जुन लकड़ा और अभित तिर्की तीनों युवक हिरासत में लेकर उनके घर में जांच किया तो वहां गौ मांस पाया गया, जिसे जब्त करते हुए थाना लाया गया और मांस और आरोपियों को मेडिकल जांच कराया गया, जिसमें गौ मांस पाए जाने पर आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया गया है।

#### क्षेत्र में आक्रोश का माहौल

हिंदू नववर्ष पर चरखापारा के उरांव बस्त में गौहत्या की यह घटना उजागर होने से लोगों में आक्रोश पनप गया है, लेकिन पुलिस ने लोगों को शांत कराते हुए आश्वासन दिया है कि आरोपियों को कड़ी सजा दिलाई जाएगी। वहीं पुलिस का कहना है कि इस गौ.हत्या मामले में तीन आरोपी ही थे, जिसे सूचना मिलते ही गिरफ्तार कर लिया गया है।

# पंचायत सचिवों की हड़ताल ने बढ़ाई आम लोगों की परेशानी



हरिभूमि न्यूज ⏭ पुसौर

सचिव संघ के प्रदेश नेतृत्व के आहवान पर अपने शासकीयकरण मांग की पूर्ति के लिए पिछले 15 दिनों से हड़ताल पर बैठे हैं जो अपने मंच से बार बार सरकार आगाह कर रहे हैं कि हमारे हक को हमें दिया जाए और इसके ठीक पूर्व पंचायत चुनाव संपन्न होने के बाद नव निर्वाचित सरपंच पंच बीडीसी आदि निर्वाचित हुए हैं। उक्त जनप्रतिनिधियों की यह मंशा थी कि ये अपने पंचायत के विकास कार्य को पूर्व कार्यकाल से बेहतर कर दिखाएंगे जो सचिवों की हड़ताल की वजह से उनके मंसूबों में पानी फिर गया है, वहीं पंचायत के लोगों को जन्म प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, राशन कार्ड सहित अन्य दस्तावेज प्राप्त करने के लिए रूकना पड़ रहा है। जबकि अभी स्कूलों में प्रवेश प्रारंभ हो चुका है, ऐसी स्थिति में आम जनता और चुने हुए जनप्रतिनिधि दबे स्वर में सरकार कोस रहे हैं कि ठीक समय में हडताल हो रहा है, वह भी सरकार के अडियल रवैये के कारण लंबा चल रहा है।

■ हड़ताल से पंचायतों में नहीं हो पा रहा

#### प्रमाणपत्र के लिए भटक रहे

ज्ञात हो कि आरटीई के तहत गरीब तबके के लोग गरीबी रेखा प्रमाण पत्र के लिए जनपद आ रहे हैं इसके साथ ही उन्हें जन्म एवं जाति प्रमाण पत्र की आवश्यकता होती है जो सचिवों की हड़ताल की वजह से उन्हें नहीं मिल पा रहा है ऐसे स्थिति में उनके इच्छित स्कूल में उनके बच्चे का प्रवेश होने में बाधा पहुंच रहा है। बताया जाता है कि आरटीई के तहत प्रवेश पाने वाले छात्रों को कई तरह के जांच के दौर से गुजरना पड़ता है और अंत में लाटरी होता है, अब इसमें दस्तावेज ही पुरा नहीं होगा तो लाटरी तक कैसे पहुंचेगा।

### हाइवा की टक्कर से बाइक सवार महिला की मौत

**रायगढ़।** शहर के छातामुड़ा चौक पर एक हाईवा चालक ने वाहन चलाते हुए मोबाइल से बात करते हुए जा रहा था, इस दौरान उसने हाईवा को तेज एवं लारवाही पूर्वक चलाते हुए



स्टापर को ठोकर मारते हुए एक बाइक को अपनी चपेट में ले लिया, इससे बाइक में बैठी महिला हाइवा के पहिया के नीचे आ गई, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार सक्ती जिला के चंद्रपुर थाना क्षेत्र के बालपुर निवासी रंभा देवी उरांव पति पूरन सिंह उरांव 58 वर्ष अपने पति के साथ बाइक क्रमांक सीजी 13 यूडी 8342 के साथ शनिवार को दोपहर में रायगढ़ से जा रहे थे। इस दौरान नेशनल हाईवे में छातामुड़ा चौक के पास पहुंचे थे तभी हाईवा क्रमांक ओडी 16 डी 0263 के चालक ने वाहन चलते हुए मोबाइल से बात करते तेज एवं लापरवाही पूर्वक आ रहा था, इस दौरान रोड मे रखे स्टापर को ठोकर मार दिया, जिससे वाहन अनियंत्रित हो गया और सामने चल रही हीरो मोटरसाइकिल सुपर स्पलेंडर में सवार चालक पूरन सिंह उरांव एवं पीछे बैठी रम्भा उरांव उसके चपेट में आ गए। जिससे महिला सडक़ में गिरी तो हाईवा का चक्का उसके ऊपर ही चढ़ गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। साथ ही बाइक चालक भी घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही जूटमिल पुलिस ने मर्ग कायम कर पीएम उपरांत शव परिजनों को सौंप दिया है, साथ ही वाहन चालक के खिलाफ धारा 281, 125, 105 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

# नाले में फ्लाईएश डंप करने के बाद समतलीकरण, आक्रोश



**सारंगढ़।** जिले के सरिया ब्लाक अंतर्गत ग्राम पंचायत कटंगपाली व ग्राम पंचायत नौघटा के मध्य बहने वाली कटंगी नाला पर सभी नियमों को ताक पर रखकर फ्लाईऐश डालते हुए समतल करने का काम बेखौफ जारी है। बीते माह ग्रामीणों द्वारा इसकी शिकायत भी सारंगढ एसडीएम से की गई थी, लेकिन कार्रवाई नहीं होने से नाला पाटने का काम लगातार चल रहा है। ऐसे में नाले का अस्तित्व बचाने के लिए ग्रामीणों ने अब सडक पर उतरकर आंदोलन करने की चेतावनी दी है।

■ शिकायत के बावजूद कार्रवाई नहीं, आंदोलन की चेतावनी

जानकारी के मुताबिक प्राकृतिक जलस्त्रोत कटंगी नाले पर फ्लाईएश डालने के मामले की शिकायत गांव के तोषराम पटेल, लखन पटेल, राजेश वैष्णव, दीपक पटेल, वृन्दावन चौहान आदि ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर सक्षम अधिकारी से की थी। ग्रामीणों के मुताबिक तहसील सरिया के अंतर्गत कटंगी नाला पर फ्लाईऐश डालने के लिए सुप्रीम कोर्ट के नियमों की अनदेखी की जा रही है। नाला के किनारे पत्थर खदानों को फ्लाईऐश से पाट रहे हैं और उससे लगे शासकीय भूमि छोटे झाड की जंगल पर भी आंख बंद कर फ्लाईऐश डाल दिया जा रहा है। इससे नाला की अस्तित्व पर खतरा मंडराने लगा है। साथ ही फ्लाईएश जैसे जहरीले डस्ट नाला से होकर महानदी को प्रदूषित करने की कोशिश हो रही है। इस पर कार्रवाई की मांग भी की गई थी लेकिन दो सप्ताह बाद भी प्रशासन की ओर से किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं की गई है। अब ग्रामीण फ्लाईऐश के विरोध में जन आंदोलन चलाने की तैयारी में है। बताया जा रहा है कि पिछले सप्ताह किसान कार्ड आईडी बना रहे पटवारियों के शिविरों में एसडीएम प्रखर चंद्राकार व सरिया तहसीलदार कोमल प्रसाद साहू पहुंचे थे। उस दौरान कटंगी नाला में डाला जा रहा फ्लाईऐश डपिंग यार्ड का निरीक्षण किया गया था।

#### मुक्तिधाम का अता पता नहीं

ग्राम कटंगपाली का मुक्तिधाम भी इसी नाला के किनारे पर था। दस साल पहले इसी मुक्तिधाम के किनारे पर अवैध डोलोमाइट पत्थर खदानें खोल दिया गया था और अब उन्हीं खदानों को फ्लाईऐश पाटने के लिए उपयोग किया जा रहा है। फ्लाईऐश पाटने के चक्कर में मुक्तिधाम कहां पर है! यह पता नहीं चलता। ऐसे में ग्रामीणों को स्वजनों की अंतिम संस्कार करने के लिए भटकना पड़ रहा है।

#### होगी जांच

कटंगी नाला में फ्लाईएश पाटने की शिकायत मिली है। इस मामले की जांच के लिए तहसीलदार को रिपोर्ट बनाकर देने को बोला गया है।

**प्रखर चंद्राकार**
**एसडीएम, सारंगढ़**

# चंद्रपुर में अकीदत से मनाई गई ईद



**चंद्रपुर।** चंद्रपुर में मुस्लिम समाज ने हर्षोल्लास के साथ ईद का त्यौहार मनाया। इस मौके पर मुस्लिम समाज के लोगों ने ईदगाह जाकर ईद की विशेष नमाज अदा की और मुल्क के अमन और चैन व आपसी सौहार्द की दुआ मांगी। मुस्लिम त्योहारों में ईद का महत्व बहुत ही खास होता है। 30 दिन रमजान के महीने में रोज़ा रखने के बाद शाम को चांद देख कर ईद का त्यौहार मनाया जाता है। इस त्यौहार में बुजुर्ग से लेकर बच्चों में काफी उत्साह देखने को मिलता है ईद की नमाज़ पढ़ने के लिए चंद्रपुर व आस पास के क्षेत्र से काफी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोग को एकत्रित हुए।

# नेता प्रतिपक्ष चयन हेतु कांग्रेस पर्यवेक्षक ने ली अहम बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़




जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय में छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा नगर पालिक निगम रायगढ़ में नेताप्रतिपक्ष चयन हेतु पूर्व विधायक चंद्रदेव राय एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व महामंत्री अमरजीत चावला दोनों पर्यवेक्षको की उपस्थिति में एक अहम बैठक हुई।

जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष द्वय नगेंद्र नेगी व अनिल शुक्ला ने स्वागत पश्चात निर्वाचित पार्षदों से आगंतुक पर्यवेक्षकों का परिचय कराया गया व पर्यवेक्षक द्वय चंद्रदेव राय व अमरजीत चावला ने बैठक को संबोधित किया व एकजुट होकर कांग्रेस को मजबूत करने व निगम में अपनी बात मजबूती से रखने हेतु ऊर्जा का संचार किया व वहीं जिला कांग्रेस अध्यक्ष अनिल शुक्ला ने समस्त कांग्रेस के विजयी पार्षदों में से चयनित होने वाले नेता प्रतिपक्ष के विषय मे बताया कि हमारे जीते हुए सभी पार्षद गण हीरे के समान है और आगे कहा मुझे विश्वास है कि जो भी नेता प्रतिपक्ष बनेगा वहः कांग्रेस की विचारधारा अनुरूप कार्य करेगा और निगम में जहां भी गलत कार्य होगा उसका मुकाबला करने कांग्रेस पार्षद सक्षम है और न्याय की हर लड़ाई में कांग्रेस संगठन हर हमेशा उनके साथ खड़ा होगा। तत्पश्चात पर्यवेक्षकगणों ने स्थानीय जिला शहर, नगर ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष, निर्वाचित पार्षदों व क्षेत्रीय वरिष्ठ नेताओं से आवश्यक समन्वय स्थापित कर योग्य पार्षद को नेताप्रतिपक्ष बनाये जाने की दिशा में समुचित कार्यवाही करने हेतु पार्षद गणों से वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं व संगठन के पदाधिकारियों से व्यक्तिगत वन टू वन चर्चा की गई वही चयनित नाम का प्रस्ताव पर्यवेक्षक द्वय प्रदेश कांग्रेस कमेटी को नाम प्रेषित करेंगे।

# रायगढ़ में एक साल में बिकी 380 करोड़ रुपए की शराब

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले में शराब की बिक्री ने इस वित्तीय वर्ष में नया कीर्तिमान स्थापित किया है। आबकारी विभाग से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार चालू वित्तीय वर्ष 2024-25 में देसी और विदेशी शराब की बिक्री में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। वहीं, जब्ती और मामलों प्रकरणों की संख्या में भी बड़ा उछाल देखने को मिला है।

■ शराब की बिक्री में 25 फीसद इजाफा

वित्तीय वर्ष 2023-24 में रायगढ़ जिले में 326 करोड़ रुपए की शराब बिकी थी, जबकि 730 अवैध प्रकरण दर्ज किए गए थे और 4,800 लीटर शराब जब्त की गई थी। लेकिन 2024-25 में वित्तीय वर्ष समाप्त होते तक करीब 380 करोड़ रुपए की बिक्री हो चुकी है। साथ ही 800 अवैध प्रकरण दर्ज किए गए और 7,400 लीटर देसी-विदेशी शराब जब्त की गई है। शराब बिक्री और खपत बढने का बडा कारण शराब की दुकानों की संख्या और उपलब्धता में इजाफा त्योहारों और विवाह समारोहों में बढ़ती खपत कड़ी निगरानी के बावजूद अवैध बिक्री पर पूर्ण नियंत्रण न हो पाने को माना जा रहा है।



#### अवैध शराब पर भी बढ़ी सख्ती

आबकारी विभाग के अधिकारियों के मुताबिक, इस वर्ष शराब की बिक्री तो बढ़ी ही है, साथ ही अवैध कारोबार पर भी कड़ी नजर रखी गई है। यही कारण है कि जब्ती की मात्रा में भी 50 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि देखी गई है। इनमें देसी के अलावा विदेशी शराब भी बडी मात्रा में जब्त की गई है।

# तलवार लहराकर डराने वाला युवक गिरफ्तार



**रायगढ़।** चक्रधरनगर थाना क्षेत्र में एक युवक द्वारा धारदार हथियार लहराकर लोगों को धमकाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया और उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

घटना 31 मार्च की रात की है जब थाना प्रभारी प्रशांत राव को सूचना मिली कि जिला पंचायत कार्यालय के पास एक युवक हाथ में लोहे की तलवार लेकर राहगीरों को डराने धमकाने में लगा है। सूचना मिलते ही चक्रधरनगर पुलिस ने तत्काल घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ लिया।

पूछताछ में उसने अपना नाम संजू चक्रवर्ती 21 वर्ष निवासी छोटे अतरमुडा, थाना चक्रधरनगर, जिला रायगढ़ बताया। तलाशी के दौरान पुलिस ने उसके कब्जे से नुकीली और धारदार तलवार बरामद की। आरोपी के खिलाफ थाना चक्रधरनगर में आर्म्स एक्ट की धारा 25, 27 के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई की गई।

